item captioned "Hindjas offer $1.2bn oil credit to India" which appeared in, the 'Hindustan Times', dated August 1, 1991;

(b) if so, what are the details in this regard;

(c) whether Government have received any other offer from NRIs for the same purpose; and

(d) what are the details thereof?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL. GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

पैट्रोलियम का मूल्य

603. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 29 जुलाई, 1991 के "द टेलीग्राफ" में "लोएस्ट कन्जम्पशन, हाईएस्ट प्राइस शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश में पेट्रोलियम का खुदरा मूल्य अनेक विकसित एवं विकासशील देशों की तुलना में अधिक है ;

(ग) यदि हां, तो ब्रिटेन, फ्रांस, अमरीका, जापान, जर्मनी, चीन, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, श्रीलंका, बंगला देश, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में पेट्रोलियम का प्रति लीटर विक्रय मूल्य क्या है ; और

(घ) क्या सरकार पेट्रोल के अधिक मूल्य और देश के आम आदमी पर इसके प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए पेट्रोलियम मूल्य नीति पर पुनर्विचार करने का विचार रखती है ; यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ग) विभिन्न देशों में पेट्रोल की कीमतों के संबंध में जानकारी नहीं रखी जाती है ।

(घ) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

हजीरा-विजयपुर-जगदीशपुर पाइपलाइन की अधिष्ठापित क्षमता

604. **श्री राम जेठमलानी :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय गैस प्राधिकरण द्वारा निर्मित हजीरा, विजयपुर-जगदीशपुर पाइपलाइन परियोजना की अधिष्ठापित क्षमता का उपयोग गत अनेक वर्षों से नहीं किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इस पाइपलाइन द्वारा प्रतिदिन कितनी गैस की ढुलाई की जा सकती है और 1991-92 के दौरान अब तक इन पाइपलाइन द्वारा प्रतिदिन औसतन कितनी मात्रा में गैस की आपूर्ति की गई ;

(ग) क्या यह भी सच है कि आपूर्ति के लिए प्रचुर मात्रा में गैस उपलब्ध है ;

(घ) क्या सरकार ने किसी अन्य क्षेत्र में गैस का उपयोग करने का विचार किया है ; और

(ङ) पाइपलाइन की क्षमता का पूरा उपयोग न किए जाने के क्या कारण हैं और इससे भारतीय गैस प्राधिकरण को प्रतिमाह कितनी आर्थिक हानि हुई है ?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ङ) ढुलाई की क्षमता 18.2 मिलियन मानक घन मीटर प्रतिदिन है । वर्ष 1991-92 के